
# इंजीनियरिंग




**गेलेक्सी एक्सप्रेस**

वेकेशन या अवकाशीय बाइबल स्कूल

शिल्प कला

# नेविगेशन पैनल

## आम अवलोकन







### परमेश्वर को पुकारें

मूसा का जन्म

परमेश्वर महान है

पाठ के दौरान जब भी विद्यार्थी ''परमेश्वर को पुकारें '' सुनेंगे, तब विद्यार्थियों को अपने दोनों हाथों को परमेश्वर की ओर उठाते हुए और कूदते हुए यह प्रतिकिया करनी होगी ''प्रभु, हमारी मदद करो!''

भजन संहिता 3:4
मैं ऊंचे शब्द से यहोवा को पुकारता हूं, और वह अपने पवित्र पर्वत पर से मुझे उत्तर देता है।

### परमेश्वर से प्रतिक्रिया करें

मूसा और जलती हुई झाड़ी

परमेश्वर अविश्वसनीय है

इस पाठ के दौरान, जब कभी बच्चे यह सुनते हैं ''परमेश्वर से प्रतिकिया करें'' तो उन्हें अपने हाथ कान पर रखते हुए 'हां प्रभु!'' कहते हुए प्रतिकिया करने दो' अगला, अपने पैरों को एक सैनिक की तरह पटकते हुए बोलने दो ''मैं यहां हूं!''

यशायाह 6:8
''मैं किस को भेजूं, और हमारी ओर से कौन जाएगा?'' तब मैं ने कहा, ''मैं यहां हूं! मुझे भेज!''

### परमेश्वर की आज्ञा मानें

मिस्त्र में विपत्तियां

परमेश्वर अनोखा है

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी ''परमेश्वर की आज्ञा मानें'' सुनते हैं, तब उन्हें खड़े होना है और अपने आसपास चलते हुए, दूसरे विद्यार्थियों से अपनी सीट बदलनी होगी, और ''मुझे बढ़ते रहना होगा'' कहते हुए प्रतिकिया करें।

1 यूहन्ना 3:24
और जो उस की आज्ञाओं को मानता है, वह इस में, और यह उस में बना रहता है: और इसी से, अर्थात उस आत्मा से जो उस ने हमें दिया है, हम जानते हैं, कि वह हम में बना रहता है।

### परमेश्वर पर आशा रखें

दिन में बादल और रात में आग का खम्भा

परमेश्वर चमत्कारी है

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी ''परमेश्वर पर आशा रखें'' सुनते हैं, तब उन्हें कूदना है और अपने हाथों से बोक्सिंग करनी होगी, और फिर कहना होगा कि ''मैं तैयार हूँ'', उसके बाद अपने दोनों हाथों को जोड़कर ''पर मुझे इंतजार करना होगा'' कहते हुए बैठ जाएं।

यशायाह 30:18
क्योंकि यहोवा न्यायी परमेश्वर है; क्या ही धन्य हैं वे जो उस पर आशा लगाए रहते हैं!

### परमेश्वर की आराधना करें

लाल समुद्र को पार करना






परमेश्वर अद्वैत है

इस पाठ के दौरान, जब भी विद्यार्थी ''परमेश्वर की आराधना करें'' सुनते हैं, तब विद्यार्थियों को अपने हाथों को आकाश की ओर उठाकर ''मैं आपकी आराधना करता हूँ'' कहते हुए आगे पीछे अपने हाथों को हिलाते हुए प्रतिकिया करनी होगी।

भजन संहिता 150:1
याह की स्तुति करो! ईश्वर के पवित्रस्थान में उसकी स्तुति करो; उसकी सामर्थ्य से भरे हुए आकाशमण्डल में उसी की स्तुति करो!



India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.

| भोजनालय | कैडेट क्लास | इंजीनियरिंग | अंतरिक्ष खेल |
| --- | --- | --- | --- |
| रोबोट  दूरबीन |  | मूसा एक टोकरी में  | एक शब्द बनायें<br>स्वाद की परीक्षा |
| मूसा की जलती झाड़ी  आश्चर्यजनक आकार |  | जलती झाड़ी  | पीने का रिलै दौड़<br>केला खाने की दौड़ |
| विपत्तियां  गतिविधि |  | "अपने जूते उतारो"  | नूडल होड़<br>एक पिरामिड बनाओ |
| बादल का खम्भा  अंतरिक्ष यान |  | गेलैक्सी एक्सप्रेस रॉकेट  | अस्त व्यस्त मार्शमेलौ की बूंदे<br>केक रिलै |
| सूखी जमीन पर सागर पार  सूपर नोवा |  | लाल सागर पार करना  | अस्त व्यस्त मार्शमेलौ की बूंदे<br>केक रिलै |



India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.

# इंजीनियरिंग

## शिल्पकला स्टेशन







### दिन 1

## मूसा एक टोकरी में

*आवश्यक सामग्रियां:*

तैयार किया हुआ चित्र (प्रिंट, कट आउट, और छेद किए हुए)

क्रेयोन्स (या रंगीन पेंसिल, मार्कर, या पेंट)

बांधने के लिए धागा, रिबन या फीता

*निर्देश :*

1. विद्यार्थी पीछे अपना नाम लिखें और सामने रंग भरें।
2. विद्यार्थी छेद में से फीता लगायें




### दिन 2

## जलती झाड़ी

*आवश्यक सामग्रियां :*

तैयार किया हुआ चित्र (प्रिंट किया हुआ)

क्रेयोन्स (या रंगीन पेंसिल, मार्कर, या रंग)

टिशू कागज़ के छोटे चौकोल टुकडें

*निर्देश:*

1. झाडी की प्रतियां बनाएं, या बच्चों को अपने आप बनाने की अनुमति दें।
2. शाखाओं में पूरा रंग भरें।
3. टिशू को एक छड़ी, क्रेयोन्स या पेंसिल के साथ कसकर इकट्ठा करें, फिर चित्र पर गोंद की बिंदी लगाएं और उसे दबाकर चिपकायें ताकि वह पत्तियों और आग की लपटों का आकार लें।
4. बच्चें चाहें तो अन्य चीजों को भी अपने चित्रों में बना सकते हैं जैसे कि चट्टान, घाटियां, रेत, जंगल, पहाड, सूरज, बादल, आदि। अच्छी तरह समय दें, ताकि वे रचनात्मक रूप से कला कर सकें।





India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.

## दिन 3


# "अपने जूते उतारो"

*आवश्यक सामग्रियां:*
कागज
हर छात्र के लिए दो धागा या स्ट्रिंग,
छेद करने के लिए पंच
कैंची
पेंसिल, पेन, या मार्कर



*निर्देश:*
1. कागज या गत्ते पर बच्चों के पैर का आकार बनायें (बच्चें चाहे तो दूसरे बच्चों का पैर रखकर उसके चारों ओर का आकार बना सकते हैं।)।
2. जूते के आकार को काट कर अलग करें, फीता बाँधने के लिए छेद करें।
3. प्रत्येक बच्चे को अपने जूतों को अपने पैरों से बाँधने के लिये फीता या स्ट्रिंग के दो टुकड़े दें। फीता बिलकुल सही बाँधने के बारे में चिंता मत कीजिए। छोटे बच्चों को खुद से फीता बांधने में मजा आता है और इससे उनके छोटे मांसपेशी को काम करने की सीख मिलती है। बड़े बच्चों को लंबे फीते का उपयोग करना ज्यादा अच्छा लगेगा और अच्छी तरह से अपने जूतों के फीते को बांधना पसंद करेंगे।
4. जूते पर नीचे लिखा हुआ वाक्य लिखें: मैं परमेश्वर से प्रतिक्रिया करूंगा, "हाँ प्रभु, मैं यहाँ हूँ।"

## दिन 4




# गेलैक्सी एक्सप्रैस रॉकेट

*आवश्यक सामग्रियां :*
1 प्रत्येक विद्यार्थी के लिए एक अंतरिक्ष यान के नमूने की कॉपी
2 कैंची (अगर बच्चे खुद से अपने रॉकेट को काट रहे हैं तो। छोटे बच्चों को पहले से ही काटकर तैयार किया हुआ अंतरिक्ष यान देना होगा जिससे वे आसानी से उसको चिपका सकेंगे।)
3 क्रेयोन्स या रंगीन पेंसिल
4 टेप या गोंद
विकल्प:: खाली टॉयलेट पेपर की ट्यूब
विकल्प:: सितारों को चिपकायें या एल्यूमीनियम फोयल कागज़ के छोटे टुकड़ो को सजाने के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है।

*निर्देश:*
1. सभी टुकड़ों को काट कर अलग करें। सभी मोटी रेखाओं पर काटें।
2. प्रत्येक भाग में रंग भरें।
3. "गैलेक्सी एक्सप्रेस" को एक ट्यूब आकार में डालें और उसे सुरक्षित रखने के लिए एक टेप या गोंद को लगाएं।
4. पंखों पर छोटे नाम लिखें हुए लेबल है जिसे रॉकेट के नीचे की ओर घुसायें। ध्यान रखें कि रॉकेट में डालने से पहले एक दूसरे से जुड़े रहने के लिये उन्हें एक दूसरे के ऊपर विपरित दिशा में क्रोस करके लगायें।
5. अगर आप टॉयलेट पेपर ट्यूब का प्रयोग कर रहे हैं, तो अंदर डालें और उसे ऊपर के कोण से जोड़ने से पहले धीरे से घुमायें ताकि वह उन लेबलों के ऊपर पंखों से मोड़ सकें।
6. कोण का आकार बनायें, बिंदीदार रेखा के ऊपर तक उसे टेप या गोंद से चिपकायें। रॉकेट के शीर्ष पर टेप या गोंद से उस लेबल को चिपकाएं।






## दिन 5

# लाल सागर पार करना

*आवश्यक सामग्रियां :*
1 सफेद कागज पर आयत को प्रिंट किया हुआ हो या पहले ही प्रिंट किया हुआ समुद्र का चित्र।
2 क्रेयोन्स, रंगीन पेंसिल, मार्कर, या पेन्ट


*निर्देश:*
1. पानी के भाग और सूखी जमीन को रंग करें।
2. बिंदीदार रेखा को काटें या फाड़ें, सूखी जमीन के भाग तक पहुँचने से पहले रोक दें।
3. उन पट्टियों को एक छड़ी, पेंसिल, या क्रेयोन्स पर कसकर घुमाते हुए लगायें।
विकल्प: नदी के किनारे पर छोटे पत्थरों को गोंद से चिपकाएं।






India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.



मैं ऊंचे शब्द से यहोवा को पुकारता हूँ
भजन संहिता 3:4


मैं ऊंचे शब्द से यहोवा को पुकारता हूँ
भजन संहिता 3:4



मैं यहां हूं! मुझे भेज!

यशायाह 6:8





मैं यहां हूं! मुझे भेज!

यशायाह 6:8



India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.


गैलेक्सी एक्सप्रेस
गैलेक्सी एक्सप्रेस




याह
की स्तुति
करो!
ईश्वर के
पवित्रस्थान
मे उसकी
स्तुति करो।

भजन संहिता 150:1



India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.

# अतिरिक्त विचार




## अतिरिक्त हस्तशिल्प



इस तस्वीर को गोंद और रंग के पाउडर के साथ बनाया जाता है।

यह एक सुपरनोवा की तरह, खुशी और प्रशंसा के विस्फोट का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह वह खुशी है जो हम तब महसूस करते है जब हम ''परमेश्वर कौन है और उसने हमारे लिए क्या किया है'' उसके बारे में सोचते है। एक शीर्षक कह सकते हैं, ''मैं परमेश्वर की सेवा करूँगा।''

क्राफ्ट कार्यकलापः अंतरिक्ष से पृथ्वी की तस्वीर।

1. एक काला मार्कर का उपयोग करते हुए एक कागज तौलिया के बीच में एक बड़ी सर्कल खींचे ।
2. पृथ्वी को रंग करने के लिए छात्रों को हरे रंग के मोटे मार्कर दीजिए। अगला, वे नीले रंग से पानी को रंग करेंगे।
3. अब इसे पानी के साथ रंग करें। उन्हें पूरे सर्किल को गीला करना होगा और रंगों को आपस में मिलते हुए देखें।
4. एक बार जब यह सूख जाता है, तब काली रेखाओं को काटें और उनकी तस्वीरों को काले पन्ने पर चिपकाएं।



## शिल्पकला कार्यकलाप

*कक्षा क्रियाकलाप*


प्रत्येक बच्चे अपने स्वयं के बादल बनाता है। कक्षा कई सारे बादलों को इकट्ठा करके बादल का खम्भा बनाती है। बादल बनाने के लिए उसके आकार को बनाइए, उसे काटें और उस पर रंग का पाउडर चिपकाएं।





India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.







यहां एक मजेदार अतिरिक्त शिल्पकला है जिसे आप उपयोग कर सकते हो! एक छड़ी को एक तरफ से आग की तरह और दूसरी तरफ से बादल के खम्भे के रूप में सजायें!

ये पोशाक आपके शिक्षकों को वी.बी.एस के स्वाद को बढ़ाने में इस्तेमाल करने के लिए अच्छा लगेगा! टिनफोइल या भूरे रंग के टेप से 2 लीटर का सोढ़ा बोतल को ढक दें। टिशू पेपर की लौं बनाकर चिपकाएं और पीठ पर एक मजबूत धागे या रस्सी से बांध लें। आपके छात्रों को ''जेट पैक'' पहनना काफी अच्छा लगेगा।

बच्चें आपके वी.बी.एस. में फोटो खिंचवाना पसंद करेंगे।



## कार्यकलापः चंद्रमा के खड्ड

आटे के मिश्रण बनाएं, इस में छोटे कंकड़ गिराइए । खड्ड अपनी आंखों के सामने बनते हुए देखिये!

आटे का मिश्रणः आटे के चार कप और तेल की 1/2 कप






India.ChildrenAreImportant.com – Children's ministry resources, Sunday School, and Vacation Bible School (VBS) curriculum for churches and teachers - Hindi.

और अधिक संसाधनों का ऑनलाइन पर पता लगाएं और डाउनलोड करें:

# India.childrenareimportant.com



Crafts Galaxy Hindi

13658

India.ChildrenAreImportant.com/hindi
info@childrenareimportant.com
We are located in Mexico.
DK Editorial Pro-Visión A.C.

बच्चें महत्वपूर्ण है